फाइल नं0-71-3002(002)/28/2023-03

7/2024/I/475140/2024

प्रेषक,

आनन्द कुमार त्रिपाठी,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रधानाचार्य,
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,
प्रतापगढ़।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 18 जनवरी, 2024

विषय- वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत मेडिकल कालेज, प्रतापगढ़ हेतु 20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) मद में चतुर्थ एवं पंचम किश्त की धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-मे0का0प्र0/उपभोग प्रमाणपत्र/2023-24/2936, दिनांक 30.12.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा मेडिकल कालेज प्रतापगढ़ हेतु गैर वेतन मद में चतुर्थ एवं पंचम किश्त की धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि मेडिकल कालेज, प्रतापगढ़ हेतु गैर वेतन मद में शासनादेश दिनांक 24.04.2023 द्वारा प्रथम किश्त के रूप में रू0 416.66 लाख, शासनादेश दिनांक 18.07.2023 द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में रू0 416.66 लाख तथा शासनादेश दिनांक 25.11.2023 द्वारा तृतीय किश्त के रूप में रू0 416.66 लाख, इस प्रकार कुल रू0 1249.98 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजस्व पक्ष के अधीन अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, प्रतापगढ़ हेतु 20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष चतुर्थ एवं पंचम किश्त के रूप में रू0 833.32 लाख (रू0 आठ करोड़ तैंतीस लाख बत्तीस हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्न शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों

1- स्वीकृत धनराशि बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी।
2- स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण, आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा कोषागार से आवश्यकतानुसार एवं व्यय नियमानुसार किया जायेगा तथा इसका उपयोग उसी मद में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है। किन्ही अन्य मद में व्यय वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।
3- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231 / 2023, दिनांक 17.03.2023 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- स्वीकृत धनराशि का व्यय विवरण निर्धारित प्रारूप पर शासन को उपलब्ध कराया जायेगा, इसके अभाव में अनुदान की आगामी किश्त निर्गत किया जाना सम्भव नहीं होगा।

5- धनराशि को कोषागार से मेडिकल कालेज के वित्त नियंत्रक द्वारा आहरित किया जायेगा तथा बिलों पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे।

6- यदि वित्तीय वर्ष 2022-23 में अवमुक्त की गयी धनराशि अवशेष है, तो उसका समायोजन करने के पश्चात ही चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में अवमुक्त की जा रही धनराशि का आहरण किया जाये।

4. इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 8,33,32,000 (रुपये आठ करोड़ तैंतीस लाख बत्तीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में **अनुदान संख्या** 031 **लेखा शीर्षक** 2210051050350 मेडिकल कालेज, प्रतापगढ़ **मानक मद 20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन)** के नामे डाला जायेगा।

5. यह आदेश कम्प्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या-ई-3-287/दस-2023-24, दिनॉक 17 जनवरी, 2024 में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(**आनन्द कुमार त्रिपाठी**)
उप सचिव।

<u>संख्या उपरोक्त तद् दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज ।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
5. कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रतापगढ़।
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
7. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज ।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(**आनन्द कुमार त्रिपाठी**)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in